भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

16 अप्रैल 2019

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा केरल के त्रिशूर और एर्नाकुलम में आयोजित विशाल जन-सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

केरल सहित समग्र राष्ट्र की जनता शांति, समृद्धि और सुरक्षा चाहती है और इसके लिए उन्होंने केंद्र में पुनः श्री नेरन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री पद पर आसीन करने का निर्णय ले लिया है। एनडीए 2014 से भी अधिक बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाने जा रही है

****

केरल हाईकोर्ट द्वारा भीषण बाढ़ पर गठित एमिकस क्यूरी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बाढ़ में जिन लोगों की जान गई है, उसके लिए केरल की सरकार जिम्मेदार है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत सरकार ने जो मदद बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी है, उसे भी केरल सरकार ने सही से खर्च नहीं किया है

****

यदि एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट को ध्यान से पढ़े तो केरल की कम्युनिस्ट पार्टी को एक पल भी केरल की सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार नहीं है

****

केरल में कम्युनिस्ट सरकार आने के बाद से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार के कार्यकर्ताओं की नृशंस हत्या का दौर शुरू हो गया है। अब तक केरल में 120 से अधिक भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं की हत्या की जा चुकी है। केरल में वर्तमान कम्युनिस्ट सरकार आने के बाद से भाजपा और संघ परिवार के लगभग 28 कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या हो चुकी है

****

मैं केरल के मुख्यमंत्री पिन्नाराई विजयन से पूछना चाहता हूँ - पिन्नाराई विजयन जी, आप जवाब दीजिये कि सबसे ज्यादा राजनीतिक हत्याएं आपके ही जिले में क्यों हुई हैं? इस हिंसा के पीछे किसका हाथ है? इसकी जिम्मेदारी आपको लेनी चाहिए या नहीं?

****

पिन्नाराई विजयन जी, आपके शासन में इतने कम समय में ही मॉब वायलेंस और लिंचिंग की लगभग 525 घटनाएं हुई हैं, इसका जिम्मेदार कौन है? इन घटनाओं पर ह्यूमन राइट्स के चैम्पियंस के मुंह बंद क्यों हैं?

****

केरल की वामपंथी सरकार ने सबरीमाला के श्रद्धालुओं पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बहाने बहुत जुल्म ढाए हैं। भगवान् अयप्पा के 2,000 से अधिक श्रद्धालु जेल में अभी भी बंद हैं। 30 हजार से अधिक भक्तों पर झूठे मुकद्दमे केरल की कम्युनिस्ट सरकार चला रही है। भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया जा रहा है

****

पिन्नाराई विजयन जी, सुप्रीम कोर्ट के ऐसे बहुत सारे फैसले हैं जिसे आपकी सरकार लागू करने में असमर्थ रही है तो केवल भगवान् अयप्पा के श्रद्धालुओं पर अत्याचार क्यों हो रहा है? भारतीय जनता पार्टी सबरीमाला के श्रद्धालुओं के साथ हर संघर्ष में चट्टान की तरह खड़ी है, उनके साथ भाजपा हर संघर्ष के लिए तैयार है

****

हमने अपने संकल्प पत्र में भी वादा किया है कि हम सुप्रीम कोर्ट के सामने ऐतिहासिक सबरीमाला मंदिर की आस्था, परंपरा और पूजा पद्धति को सामने रखेंगे। हम पूरा प्रयास करेंगे कि आस्था और विश्वास के विषय को संवैधानिक संरक्षण मिले और इसके लिए भारतीय जनता पार्टी कटिबद्ध है

****

13वें वित्त आयोग में जब केरल और केंद्र दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी, तब कम्युनिस्ट पार्टी के सहयोग से चलने वाली सोनिया-मनमोहन की यूपीए सरकार ने केरल को विकास के लिए महज 45,393 करोड़ रुपये दिए जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में राज्य को 1,98,155 करोड़ रुपये दिए जो पिछली सरकार की तुलना में चार गुने से भी अधिक है

****

नेशनल हाइवे के निर्माण के लिए केरल को मोदी सरकार ने 64,000 करोड़ रुपये दिए जो आजादी के बाद पांच साल में इस क्षेत्र में दी गई सबसे अधिक राशि दी गई है

****

एक ओर मोदी सरकार ने केरल के विकास के लिए लगभग दो लाख करोड़ रुपये दिए जबकि केरल सरकार विकास के हर क्षेत्र में विफल रही है

****

पहले उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और अब पुलवामा के बाद एयरस्ट्राइक करके मोदी सरकार ने दुनिया को यह सशक्त संदेश दिया है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने में सक्षम है और आतंकवादियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा

****

राहुल गाँधी एंड कंपनी और कम्युनिस्ट पार्टी आतंकवादियों पर एयरस्ट्राइक के खिलाफ है। राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि आतंकियों पर बम नहीं बरसाना चाहिए, उनसे बातचीत करनी चाहिए

****

पित्रोदा जी, आतंकियों से बातचीत करना कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी की नीति हो सकती है, भारतीय जनता पार्टी की नहीं। मोदी सरकार में आतंकवादियों को उसी की भाषा में करारा जवाब मिलेगा क्योंकि हमारे लिए हमारे जवानों और हमारे नागरिकों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है

****

देश की सुरक्षा और केरल का विकास न तो कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार कर सकती है और न ही कांग्रेस पार्टी, यह केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज केरल के त्रिशूर और एर्नाकुलम में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित किया और केरल में विकास को अवरुद्ध करने, राज्य की संस्कृति का अपमान करने, भगवान् अयप्पा के श्रद्धालुओं पर अत्याचार करने और हिंसा की राजनीति करने के लिए कम्युनिस्ट सरकार और कांग्रेस पार्टी पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि **देश की जनता शांति, समृद्धि और सुरक्षा चाहती है और इसके लिए उन्होंने केंद्र में पुनः श्री नेरन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री पद पर आसीन करने का निर्णय ले लिया है। एनडीए 2014 से भी अधिक बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाने जा रही है।**

श्री शाह ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा केरल के विकास के लिए किये गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि **नेशनल हाइवे के निर्माण के लिए केरल को मोदी सरकार ने 64,000 करोड़ रुपये दिए जो आजादी के बाद पांच साल में इस क्षेत्र में दी गई सबसे अधिक राशि दी गई है।** इसके अतिरिक्त केरल में एक पोर्ट के लिए लगभग 25,000 करोड़ और सागरमाला परियोजना के तहत लगभग 27 योजनाओं के लिए 16,600 करोड़ रुपये दिए गए हैं। राज्य में रेलवे नेटवर्क और ग्रामीण सड़क योजना का विस्तार किया जा रहा है। मोदी सरकार ने आईआईटी पलक्कड़ को अप्रूव किया है और इसके स्वतंत्र कैंपस के लिए 1000 करोड़ रुपये जारी किया है। पलक्कड़ में ही 50 करोड़ रुपये की लागत से मेगा फ़ूड पार्क की शुरुआत की गई है और पलक्कड़ जंक्शन के लिए 400 करोड़ रुपये दिए गए हैं। कोच्चि स्मार्ट सिटी के लिए मोदी सरकार ने 1200 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत केरल में लगभग 2,09,000 महिलाओं को गैस के कनेक्शन उपलब्ध कराये गए हैं, राज्य के 1129 ग्राम पंचायतों को नेट से जोड़ा गया है। लगभग 452 जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। **13वें वित्त आयोग में जब केरल और केंद्र दोनों जगह कांग्रेस की सरकार थी, तब कम्युनिस्ट पार्टी के सहयोग से चलने वाली सोनिया-मनमोहन की यूपीए सरकार ने केरल को विकास के लिए महज 45,393 करोड़ रुपये दिए जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में राज्य को 1,98,155 करोड़ रुपये दिए जो पिछली सरकार की तुलना में चार गुने से भी अधिक है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **एक ओर मोदी सरकार ने केरल के विकास के लिए लगभग दो लाख करोड़ रुपये दिए जबकि केरल सरकार विकास के हर क्षेत्र में विफल रही है।** केरल में आये भीषण बाढ़ पर केरल हाईकोर्ट में चल रहे केस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि केरल की हाईकोर्ट ने केरल में आये बाढ़ पर एक एमिकस क्यूरी का गठन किया था। **एमिकस क्यूरी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बाढ़ में जिन लोगों की जान गई है, उसके लिए केरल की सरकार जिम्मेदार है। एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत सरकार ने जो मदद बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी है, उसे भी केरल सरकार ने सही से खर्च नहीं किया है। यदि एमिकस क्यूरी की रिपोर्ट को ध्यान से पढ़े तो केरल की कम्युनिस्ट पार्टी को एक पल भी केरल की सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।**

कम्युनिस्ट पार्टी पर हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **केरल में कम्युनिस्ट सरकार आने के बाद से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार के कार्यकर्ताओं की नृशंस हत्या का दौर शुरू हो गया है। अब तक केरल में 120 से अधिक भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं की हत्या की जा चुकी है। केरल में वर्तमान कम्युनिस्ट सरकार आने के बाद से भाजपा और संघ परिवार के लगभग 28 कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या हो चुकी है। मैं केरल के मुख्यमंत्री पिन्नाराई विजयन से पूछना चाहता हूँ - पिन्नाराई विजयन जी, आप जवाब दीजिये कि सबसे ज्यादा राजनीतिक हत्याएं आपके ही जिले में क्यों हुई हैं? इस हिंसा के पीछे किसका हाथ है? इन अराजक तत्वों को किसका समर्थन प्राप्त है? आपके जिले में सबसे अधिक भाजपा और संघ परिवार के कार्यकर्ताओं की हत्या हुई - इसकी जिम्मेदारी आपको लेनी चाहिए या नहीं? पिन्नाराई विजयन जी, आपके शासन में इतने कम समय में ही मॉब वायलेंस और लिंचिंग की लगभग 525 घटनाएं हुई हैं, इसका जिम्मेदार कौन है? श्री शाह ने ह्यूमन राइट्स के चैम्पियंस को भी कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि केरल में वर्तमान कम्युनिस्ट सरकार में लगभग 525 मॉब लिंचिंग की घटनाएं हुई लेकिन ह्यूमन राइट्स के चैम्पियंस के मुंह बंद क्यों हैं?**

सबरीमाला प्रकरण पर बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **केरल की वामपंथी सरकार ने सबरीमाला के श्रद्धालुओं पर सुप्रीम कोर्ट के बहाने बहुत जुल्म ढाए हैं। भगवान् अयप्पा के 2,000 से अधिक श्रद्धालु जेल में अभी भी बंद हैं। इतना ही नहीं, लगभग 30 हजार से अधिक भक्तों पर झूठे मुकद्दमे केरल की कम्युनिस्ट सरकार चला रही है। भारतीय जनता पार्टी और संघ के कार्यकर्ताओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया जा रहा है।** उन्होंने केरल की विजयन सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि **पिन्नाराई विजयन जी, सुप्रीम कोर्ट के ऐसे बहुत सारे फैसले हैं जिसे आपकी सरकार लागू करने में असमर्थ रही है तो केवल भगवान् अयप्पा के श्रद्धालुओं पर अत्याचार क्यों हो रहा है?** उन्होंने केरल की जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि **भारतीय जनता पार्टी सबरीमाला के श्रद्धालुओं के साथ हर संघर्ष में चट्टान की तरह खड़ी है, उनके साथ भाजपा हर संघर्ष के लिए तैयार है। हमने अपने संकल्प पत्र में भी वादा किया है कि हम सुप्रीम कोर्ट के सामने ऐतिहासिक सबरीमाला मंदिर की आस्था, परंपरा और पूजा पद्धति को सामने रखेंगे। हम पूरा प्रयास करेंगे कि आस्था और विश्वास के विषय को संवैधानिक संरक्षण मिले और इसके लिए भारतीय जनता पार्टी कटिबद्ध है।** इतना ही नहीं, कम्युनिस्ट पार्टी अपने कैडरों को गैर-संवैधानिक रूप से पुलिस में भर्ती कर

रही है, ऐसी मीडिया रिपोर्ट है। ऐसा करके कम्युनिस्ट सरकार सबरीमाला मंदिर की पवित्रता को नष्ट कर रही है। हम इसके खिलाफ भी संघर्ष करेंगे क्योंकि हमारे लिए सबरीमाला की पवित्रता बहुत जरूरी है।

श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विगत पांच वर्षों में सबसे बड़ा काम देश को सुरक्षित करने का किया है। सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार में आये दिन पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादियों के हमले हमारे देश में होते रहते थे लेकिन कांग्रेस सरकार हाथ पर हाथ धरे चुप बैठी रहती थी, उसे देश की सुरक्षा से कोई लेना-देना ही नहीं था। पहले उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और अब पुलवामा के बाद एयरस्ट्राइक करके मोदी सरकार ने दुनिया को यह सशक्त संदेश दिया है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने में सक्षम है और आतंकवादियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।** उन्होंने कहा कि **एयरस्ट्राइक से पूरे देश में उत्साह और जोश का वातावरण था लेकिन दो जगह ऐसे भी थे जहां मातम छाया हुआ था - एक तो पाकिस्तान में और दूसरा राहुल गाँधी एंड कंपनी के चेहरों पर।** उन्होंने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि **राहुल गाँधी एंड कंपनी और कम्युनिस्ट पार्टी आतंकवादियों पर एयरस्ट्राइक के खिलाफ है। राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि आतंकियों पर बम नहीं बरसाना चाहिए, उनसे बातचीत करनी चाहिए। पित्रोदा जी, आतंकियों से बातचीत करना कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी की नीति हो सकती है, भारतीय जनता पार्टी की नहीं। मोदी सरकार में आतंकवादियों को उसी की भाषा में करारा जवाब मिलेगा क्योंकि हमारे लिए हमारे जवानों और हमारे नागरिकों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।** उन्होंने कहा कि **देश की सुरक्षा और केरल का विकास न तो कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार कर सकती है और न ही कांग्रेस पार्टी, यह केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। अतः मैं केरल की जनता से करबद्ध निवेदन करने आया हूँ कि वे अपनी परंपराओं को अक्षुण्ण रखने के लिए, राज्य के विकास के लिए और देश की सुरक्षा व समृद्धि के लिए केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' का गठन करें।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव